# आपके चिकित्सा अधिकार।

अगर आप मेडी-कैल और डेंटी-कैल के सदस्य हैं, तो आपको निम्नलिखित अधिकार हैं:

**1** **आपको आदर और सम्मान दिया जाएगा।**

**2** **आपको अपनी पसंद के डेंटी-कैल दंतचिकित्सक से सेवाएँ मिलेंगी।**

**3** **आप निःशुल्क एक योग्य अनुवादक की माँग कर सकते हैं।**

**4** **अपने परिवार या दोस्तों के बजाए पेशावर अनुवादक का इस्तेमाल करें।**

**5** **यदि आपकी दंतचिकित्सा या भाषात्मक ज़रूरतों की पूर्ति नहीं होती है, तो किसी को सचेत करें।**

आप डेंटी-कैल को 1-800-541-5555 (टेलेफ़ोन सर्विस केंद्र) पर या 1-800-452-8609 (शिकायत जाँच अधिकारी का दफ़्तर) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**6** **स्वीकार्य समय अनुकूल अपौएंटमेंट पाएँ।**

डिपार्टमेंट ऑफ़ मैनेज़िद् स्वास्थ्य सेवा के अनुसार, जिस वक़्त आप अपौएंटमेंट बनाने के लिए कॉल करते हैं उसके पश्चात:

- आपातकालीन चिकित्सा अपौएंटमेंट तीन दिनों के अंदर मिलनी चाहिए।
- ग़ैर आपातकालीन अपौएंटमेंट 36 कार्यकाल दिनों के अंदर मिलनी चाहिए।
- निवारक दंतचिकित्सा अपौएंटमेंट 40 कार्यकाल दिनों के अंदर मिलनी चाहिए।

**7** **अपने दंतचिकित्सा निर्णय में क्रियात्मक रहें।**

**8** **आपका डेंटल रिकॉर्ड और निजी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**

# आपकी मेडी-कैल द्वारा प्रदाय दंतचिकित्सा सेवाएँ

क्या आप ये जानते हैं :

- आपका दंत्य स्वास्थ्य आपके सम्पूर्ण स्वास्थ्य का अहम हिस्सा है।
- इलाज से बेहतर है रोकथाम और परहेज़।
- तत्काल इलाज का मतलब है कम पीड़ा, कम ख़र्च, और आपके स्वास्थ को कम नुक़सान।

इस ब्रोचेर के द्वारा आप को जानकारी मिलेगी कि किसी बालिग़ को मेडि-कैल द्वारा क्या सेवाओं उपलब्ध हो सकती हैं ।

**हमसे सम्पर्क करें।**

The Health Consumer Alliance offers free assistance over-the-phone or in-person to help people get the health care services they need.

Call 1-888-804-3536


निरदाता:


ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE LOS ANGELES

JUSTICE IN AGING — FIGHTING SENIOR POVERTY THROUGH LAW

CPEHN — California Pan-Ethnic Health Network — Advancing health justice and equity for 25 years

12/2017

# डेंटी-कैल का इस्तेमाल।




यदि आपके पास पूर्ण मेडी-कैल है, तो आपको डेंटी-कैल नामक दंतचिकित्सा सेवा भी मिलती है।

**1** **आप देंडी-कैल प्रदाताओं की सूची इस वेबसाईट पर**

http://bit.ly/MediCalDentist या
1-800-322-6384 पर फोन करके पा सकतें हैं

**2** **दंतचिकित्सक से पूछें कि वे डेंटी-कैल स्वीकार करते हैं या नहीं।**

डेंटी-कैल केवल उन्ही सेवाओं का भुगतान करेगा जो एक डेंटी-कैल दंतचिकित्सक द्वारा की गई हों। अगर आप एक ग़ैर डेंटी-कैल दंतचिकित्सक के पास जाते हैं तो आपको उन सेवाओं का भुगतान स्वयं करना पड़ेगा।

**3** **एक योग्य अनुवादक की माँग करें।**

यदि आप अंग्रेज़ी अच्छी तरह नहीं बोलते, 1-800-322-6384 पर कॉल करें। यदि आपके दंतचिकित्सक आपकी भाषा नहीं बोलते, आपके दंतचिकित्सक को आपके लिए एक नि: शुक्ल अनुवादक का प्रबंध करना अपेक्षित है।

**4** **अपनी अपौएंटमेंट के दिन:**

अपने साथ लाएँ…

- सुविधा पहचान पत्र (बेनेफ़िट्स आइडेंटीफ़िकेशन कार्ड BIC)
- फ़ोटो पहचान पत्र या ड्राइवरज़ लाइसेंस
- डेंटी-कैल प्लैन कार्ड, यदि आप डेंटी-कैल में पंजीकृत हैं।

*आपको अपनी अपौएंटमेंट पर अपनी, या आपके परिवार की, अप्रवासी जानकारी देने की ज़रूरत नहीं है।*

**5** **भुगतान**

आपके दंतचिकित्सा प्रदाता को आपको बताना ज़रूरी है कि डेंटी-कैल किन सेवाओं का भुगतान करता है और किन का नहीं। आपके डेंटी-कैल दंतचिकित्सा प्रदाता आपसे उन सेवाओं के लिए पैसे नहीं ले सकते जिनका भुगतान डेंटी-कैल करता है।

**6** **भुगतान प्लान पर ध्यान दें।**

कई दंतचिकित्सक आपको भुगतान प्लान में भाग लेने का या क्रेडिट कार्ड लेने के लिए आप को प्रोत्साहित करेंगे। भाग लेने के लिए हस्ताक्षर करने की जल्दबाज़ी ना करें। सुनिश्चित करें कि किसी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से पहले आपको सभी जानकारी अपनी भाषा में समझाई जाए।

**7** **अपने दंतचिकित्सक से पूछें।**

आपका अपने स्वास्थ्य और चिकित्सा को समझना महत्वपूर्ण है। अपने दंतचिकित्सक या डॉक्टर से यह तीन सरल सवाल पूछें (आस्कमी3 द्वारा):

1. मेरी सर्वोच्च समस्या क्या है?
2. मुझे क्या करने की ज़रूरत है?
3. यह करना मेरे लिए क्यों ज़रूरी है?

# डेंटी-कैल से आप के फायदे



१ जनवरी २०१८ के शुरू से बालिग़*, जिन के पास मेडी-कैल है, उन्हें डेंटी-कैल के द्वारा अधिकतर लाभ मिल सकतें हैं ।

**सब गर्भवती महिलाएँ जिनके पास मेडी-कैल है (पूर्ण या "गर्भावस्था से सम्बंधित"), उन्हें पूरी दंतचिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी।*

**1** **मुख्य सेवाएँ जिनका भुगतान डेंटी-कैल करेगा।**

- प्राथमिक जाँच
- दाँतों की सफ़ाई (प्रोफ़्लैक्सिस)
- फलोराइड उपचार
- ऐक्स-रे
- फ़िलिंग
- पूर्वनिर्मित क्राउन (सिर्फ़ रेज़िन और स्टेनलेस स्टील)
- दंत निकालना।
- अगले दाँतों में रूट कनाल
- कृत्रिम दाँतों का पूरा सेट (डेन्चर)
- कृत्रिम दाँतों (डेंचर) का समंजन और मरम्मत
- **नया! लैब्रोटॉरी में बने क्राउन**
- **नया! पिछले दाँतों में रूट कनाल**
- **नया! अपूर्ण कृत्रिम दाँतों (डेंचर)**
- **नया! अपूर्ण कृत्रिम दाँतों (डेंचर) का समंजन और मरम्मत**
- **नया! पेरिओडॉनटिक्स (स्केलिंग और जड़ की सफ़ाई)**

अपनी सुविधाओं के बारे में ओर जानने के लिए
http://www .denti-cal.ca.gov वेबसइट पर जाएं
या 1-800-322-6384 पर कॉल करें

**2** **डेंटी-कैल कितने मूल्य की सेवाओं का भुगतान करता है?**

डेंटी-कैल आपको एक साल में $1,800 की सेवाएँ प्रदान करेगा। आपके दंतचिकित्सा प्रदाता को डेंटी-कैल से पत्ता लगाना ज़रूरी है कि आप $1,800 की सीमा पार कर चुके हैं या नहीं। यदि कोई सेवा चिकित्सात्मक तौर पर अनिवार्य है तो वे $1,800 की सीमा के ऊपर जा सकती है। कुछ सेवाएँ $1,800 की सीमा के प्रति गिनी नहीं जाती, जैसे डेंचर, आपातकालीन सेवाएँ, गर्भावस्ता सम्बंधित सेवाएँ, और दीर्घकालिक चिकित्सा केंद्र में मिली सेवाएँ।

**3** **आपको अपील करने का अधिकार है।**

अगर आपकी कोई सेवा अस्वीकार की गयी है तो आप को नोटिस मिलना चाहिए और आप को यह अधिकार है कि आप अपील करें ।

**4** **अगर आपके पास अल्प (सीमित) मेडी-कैल है।**

अगर आपके पास अल्प (सीमित) मेडी-कैल (जिसे आपातकालीन मेडी-कैल भी कहा जाता है) है तो आपकी दंतचिकित्सा सुविधाएँ केवल दंत निकालना और आपातकालीन सेवाओं का ही भुगतान करेगा (जैसे अत्यंत पीड़ा, दंत फ्रैक्चर, मुँह में अत्यंत ख़ून निकलना, आदि)।